Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 16-08-2005

Participants : Pandey Dr. Laxminarayan

Title : Need to expedite availability of credit to the farmers through nationalized banks in Madhya Pradesh and Rajasthan.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : महोदय, किसानों हित में उन्हें अपनी कृाि आवश्यकताओं व सामग्री की पूर्ति की दृटि से सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के परिप्रेक्ष्य में किसान क्रेडिट कार्ड योजना प्रारंभ हो गयी, जिसका लाभ आज देश में लाखों किसान उठा रहे हैं किंतु, मध्य प्रदेश और राजस्थान के राट्रीयकृत बैंकों द्वारा किसानों को दी गयी इस सुविधा का लाभ बैंकों की आवश्यक पूर्तियां होने के बाद भी लगातार कई महीनों तक बैंकों के चक्कर काटने के बाद भी उक्त किसान क्रेडिट कार्ड नहीं दिये जा रहे हैं, जिसकी लगातार शिकायतें जनप्रतिनिधियों एवं सरकार को भी प्ााप्त हो रही हैं। उक्त लाभकारी योजना के क्रियान्वयन में उक्त राज्य के बैंकों द्वारा किये जा रहे विलंब और समय पर कार्ड न दिये जाने से किसानों में काफी असंतोा है।

अतः मेरा माननीय वित्त मंत्री महोदय से अनुरोध हे कि उक्त योजना का लाभ यथावसर किसानों को मिल सके। इस हेतु आवश्यक निर्देश बैंकों को प्रदान करने का कट करें।